# शिवराज सिंह ने की विजयासन मां की पूजा, बेटों-बहुओं और पत्नी के साथ पहुंचे मंदिर



**पीपुल्स प्रवक्ता, सीहोर।**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सलकनपुर में मां विजयासन देवी के सपरिवार दर्शन किए। दोनों बेटों की शादी के बाद चौहान परिवार पहली बार माता के दर्शन के लिए पहुंचा। शिवराज सिंह चौहान नवरात्र में हर साल मंदिर आते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार सलकनपुर पहुंचकर मां विजयासन देवी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता के कल्याण, समृद्धि और सुख-शांति की प्रार्थना की। उन्होंने दुर्गाष्टमी पर विधि-विधान से माता का पूजन किया। शिवराज के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह, दोनों बेटे कुणाल-कार्तिकेय और उनकी बहुएं भी मौजूद थीं। यह पहली बार है जब दोनों बेटों की शादी के बाद मंत्री चौहान परिवार सहित सलकनपुर पहुंचे। बता दें कि शिवराज सिंह चौहान हर साल दुर्गाष्टमी के अवसर पर माता विजयासन के दरबार में पहुंच कर पूजा-अर्चना करते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार किए मां विजयासन देवी के दर्शन। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में सुबह हवन-पूजन के बाद कन्या भोज और महिला मंडलों द्वारा भजन-कीर्तन किया जा रहा है। शनिवार को नवरात्रि के सातवें दिन कालरात्रि माता का पूजन-अर्चन किया गया। आज रविवार रात 12 बजे सैकड़ों श्रद्धालु आरती में शामिल होंगे और सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चौसठ योगिनी मरीह माता मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, पंडित उमेश दुबे, सुनील चौकसे आदि ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

जिला संस्कार मंच के जिला संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मरीह माता मंदिर में हर नवरात्रि पूरी आस्था के साथ मनाई जाती है। वर्ष में चार नवरात्रि आती हैं, जिनमें दो गुप्त और दो प्रकट होती हैं। वर्तमान में चैत्र नवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा की पूजा को समर्पित होते हैं। इस दौरान माता रानी के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है।

## व्यापारी ने खुद को गोली मारी, अस्पताल में हालत गंभीर

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

***इंदौर के विजयनगर इलाके में एक प्रॉपर्टी व्यापारी ने रविवार दोपहर खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई है। पुलिस के मुताबिक, व्यापारी लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।***

इंदौर के विजयनगर इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी व्यापारी ने रविवार दोपहर खुद को गोली मार ली। घटना के बाद व्यापारी को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल परिजनों के बयान नहीं दर्ज किए गए हैं, लेकिन यह जानकारी सामने आई है कि व्यापारी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। टीआई चंद्रकांत पटेल के अनुसार, यह घटना शीतल नगर की है, जहां पूरनमल राठौर ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और उन्हें खून से लथपथ तड़पते हुए पाया। पुलिस को सूचना देने के बाद पूरनमल राठौर को तत्काल पास के मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि व्यापारी लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। घटना के बाद उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद से व्यापारी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। परिवार के सदस्य इस वक्त बेहद तनाव में हैं और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। पूरनमल राठौर समाज के एक प्रमुख व्यक्ति थे और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था। वे राठौर समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी एक पदाधिकारी रह चुके थे।

### बजट सत्र के दौरान नमाज पढ़ने पर मचा बवाल...

# सभापति बोले नमाज के लिए अवकाश की अनुमति नहीं दी

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

शुक्रवार को नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेई हॉल में बजट सत्र पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान ने बजट से जुड़े मुद्दों पर बहस की। उन्होंने नमाज पढ़ने का हवाला देकर अवकाश मांगा। सभापति ने 45 मिनट का भोजन अवकाश दिया।

नगर निगम सभागृह में दस घंटे चले बजट सम्मेलन के दौरान मुस्लिम पार्षदों द्वारा निगम परिसर में नमाज पढ़ने का मुद्दा गरमा गया है। सभापति ने कहा कि पार्षदों को न तो बजट सत्र के दौरान अवकाश पढ़ने के लिए अवकाश दिया गया और न ही अनुमति दी। नमाज पढ़ने में शामिल रुबीना इकबाल खान ने कहा कि - 'अनुमति का प्रश्न कहां उठता है। हमने तो सदन को बताया था कि हमें नमाज पढ़ना है। तब सभापति और मेयर क्यों नहीं बोले कि यहां नमाज मत पढ़ना। मुझे क्या पता था कि इस पर इतना बवाल होगा। हमने नमाज ही पढ़ी है कोई आतंकवादी थोड़ी थे कि हम बम लेकर गए थे या परिसर को उड़ाने की तैयारी थी। हर बात पर रोक लगाना ठीक नहीं है।' इस मामले में सभापति मुन्ना लाल यादव ने बताया कि नमाज के लिए बैठक नहीं की गई। भोजन अवकाश दिया गया था। निगम परिसर में नमाज पढ़ने के लिए किसी भी प्रकार कोई अनुमति नहीं दी गई। सभापति ने कहा कि निगम परिषद बैठक के दौरान हमेशा की तरह आमतौर पर दोपहर 1.30 से 2 बजे के मध्य लंच ब्रेक होता है उसी परम्परा अनुसार दोपहर दो बजे लंच ब्रेक किया गया था।



### यह था मामला

शुक्रवार को नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेयी हॉल में बजट सत्र पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान ने बजट से जुड़े मुद्दों पर बहस की। उन्होंने जुम्मे की नमाज पढ़ने का हवाला देकर अवकाश मांगा। सभापति ने 45 मिनट का भोजन अवकाश दिया। इस दौरान मुस्लिम पार्षदों ने भोजन से पहले निगम परिसर में ही नमाज पढ़ी। जिस पर शनिवार को चर्चा होती रही।

## मूक-बधिर युवती के साथ दरिंदगी, बंधक बनाकर रेप किया

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

इंदौर में मूक-बधिर युवती (उम्र 19 वर्ष) के साथ एक आरोपी ने दुष्कर्म किया है। आरोपी ने पहले युवती की रेकी की और फिर एक दिन उसे शहर से दूर गोम्मटगिरी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद, आरोपी ने पूरे दिन उसे बिना खाना दिए बंधक बना लिया। रात के अंधेरे में, जब लोगों की आवाजाही बंद हो गई, तो आरोपी ने युवती को वहीं छोड़ दिया। किसी तरह युवती घर पहुंची और साइन लैंग्वेज में परिजनों को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना शुक्रवार की रात की है। युवती सुबह से ही घर से गायब हो गई थी, जिससे परिजन चिंतित हो गए। जब वह कहीं नहीं मिली तो परिजनों ने एमआईजी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच युवती बदहवास हालत में घर पहुंची। वह बहुत रो रही थी और साइन लैंग्वेज में कुछ भी बताने में सक्षम नहीं हो पा रही थी। थोड़ी देर बाद, उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। चूंकि रात का समय हो चुका था, इसलिए परिजन युवती को शनिवार सुबह एमआईजी थाने लेकर पहुंचे। यहां पुलिस ने मूक-बधिर युवती की भाषा समझने वाले साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट ज्ञानेंद्र और मोनिका पुरोहित को तुरंत बुलाया। एक्सपर्ट ने युवती से बात की और पूरा घटनाक्रम समझने में मदद की। इसके बाद, एक्सपर्ट ने पुलिस को साइन लैंग्वेज का अर्थ समझाया और बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म हुआ है और आरोपी उसका परिचित है। एक्सपर्ट मोनिका पुरोहित ने घटनास्थल के बारे में युवती से पूछा, तो वह उसे बताने के लिए तैयार हो गई।

## भावना हत्याकांडः आईपीएल सट्टे के लिए 12 हजार में खरीदे 50 फर्जी बैंक खाते

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

भावना हत्याकांड में पुलिस की जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बताया कि वे इंदौर में आईपीएल सट्टे का सेटअप बना रहे थे और इसके लिए सोशल मीडिया से 12-12 हजार में 50 से अधिक फर्जी बैंक खातों की किट खरीदी थी। भावना हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस को बड़ा खुलासा हाथ लगा है। आरोपियों ने रिमांड पर पूछताछ के दौरान बताया कि वे इंदौर में आईपीएल सट्टे का बड़ा सेटअप तैयार कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने एक किराए का बंगला लिया था और सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी बैंक खातों की किट भी खरीदी थी। हर एक किट के लिए 12-12 हजार रुपए दिए गए थे और इस तरह से उन्होंने 50 से अधिक बैंक खातों की किट जुटाई थी, जिनका इस्तेमाल सट्टेबाजी के लिए होना था। अब पुलिस इन खातों की जांच में जुट गई है। महालक्ष्मी नगर स्थित बंगले में कुछ दिन पहले गोली लगने की घटना में भावना सिंह नामक युवती की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आशु यादव, उसके भाई मुकुल यादव और युवती स्वास्तिका को गिरफ्तार किया था। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 50 से अधिक एटीएम कार्ड और 30 से अधिक विभिन्न बैंकों की पासबुक मिली थीं।

## इंदौर में 700 करोड में बनेंगे एबी रोड पर 9 फ्लायओवर

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर**

पलासिया और माथुर चौराहा पर लम्बा ब्रिज बनेगा, ताकि दोनों चौराहे कवर हो सके। इस चौराहों पर खजराना और रीगल की तरफ जाने वाले वाहनों की संख्या भी ज्यादा रहती है। इस कारण यहां बड़े ब्रिज के जरिए दोनों चौराहों को कवर किया जाएगा। शहर के व्यस्त मार्गो में से एक 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस को सरकार ने हटाने का फैसला लिया है। इस सड़क के 9 चौराहों पर फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इस पर 692 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। इन ब्रिजों के बनने के बाद 40त्न तक ट्रैफिक ब्रिज से होकर गुजरेगा। इससे मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। बीआरटीएस होने की स्थिति में इन बीजों को बनाना आसान नहीं था। इस कारण बीआरटीएस को हटाने का फैसला लिया गया था। एबी रोड के एमआर 9,एलआईजी, माथुर चौराहा, गीताभवन चौराहा, शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, नवलखा चौराहा पर ब्रिज बनाए जाएंगे। विजय नगर चौराहा पर मेट्रो लाइन गुजर रही है। इस कारण यहां ब्रिज नहीं बन पाएगा, जबकि ट्रैफिक के लिहाज से सबसे व्यस्त चौराहा है। इसके अलावा पलासिया चौराहा से भी मेट्रो लाइन क्रास होगी। इस कारण यहां भी ब्रिज की ऊंचाई और लंबाई दूसरे ब्रिजों की तुलाना में ज्यादा रहेगी।



### दोनों चौराहे होंगे कवर

पलासिया और माथुर चौराहा पर लम्बा ब्रिज बनेगा, ताकि दोनों चौराहे कवर हो सके। इस चौराहों पर खजराना और रीगल की तरफ जाने वाले वाहनों की संख्या भी ज्यादा रहती है। इस कारण यहां बड़े ब्रिज के जरिए दोनों चौराहों को कवर किया जाएगा। इन ब्रिजों की सर्वे रिपोर्ट सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखी गई। अब इस रिपोर्ट की जानकारी शहर के जनप्रतिनिधियों को भी दी जाएगी। कुछ बदलाव के बाद इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जाएगी। ब्रिजों का निर्माण नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

## इंदौर में फॉर्म हाउस पर चली गोली, एक की मौत, पुलिस को अस्पताल से मिली सूचना

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर स्थित उमरीखेड़ा के एक फॉर्म हाउस में शनिवार रात को गोली चलने की घटना सामने आई। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी उसे अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त विनोद कुमार मीना ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है और यह फॉर्म हाउस विवेक सिंघल का है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि फॉर्म हाउस पर विवेक, उनकी पत्नी और बेटा मौजूद थे। फिलहाल गोली चलने के कारण का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गोली लगने से 60 वर्षीय मदन लाल यादव की मौत हुई है। पुलिस को इस संबंध में एमवाय अस्पताल से सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## ओरछा रामराजा मंदिर में जन्मोत्सव की धूम

**पीपुल्स प्रवक्ता, निवाड़ी।**

बुंदेलखंड की अयोध्या ओरछा में आज रविवार को रामनवमी की धूम है, जहां पर विराजे रामराजा मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए हैं और दोपहर 12:00 बजे मंदिर प्रांगण में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में निवाड़ी विधायक अनिल जैन निवाड़ी कलेक्टर पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जैसे ही राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ वैसे ही संस्कृति विभाग द्वारा बधाई गीत की प्रस्तुति दी गई।



रामराजा मंदिर में 7 अप्रैल की सुबह 4:00 बजे मंगला आरती होगी। जिसका अपना अलग महत्व है। इस आरती में लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचते हैं। इसके बाद भगवान राम राजा गर्भ ग्रह में चले जाएंगे। 8 अप्रैल की सुबह वह पलना में भक्तों को दर्शन देंगे और 10 अप्रैल तक वह पलना में ही रहेंगे। यह परंपरा 16वीं शताब्दी से आज तक चली आ रही है। कहा जाता है कि 16वीं शताब्दी में ओरछा की रानी कुंवर गणेश भगवान राम को अयोध्या से लेकर ओरछा आई थीं, जब वह ओरछा पहुंची थीं उस समय रामनवमी थी और पुख नक्षत्र का समय था। इस बार रामनवमी पर भी पुख नक्षत्र का समय है। यह कई वर्ष सालों बाद संयोग बना है कि इस बार रामनवमी के अवसर पर भी पुख नक्षत्र है।

***तीन दिन चलेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम:*** मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा ओरछा महोत्सव के नाम से राम जन्मोत्सव का पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें सात अप्रैल 2025 को व्याख्यान और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें पद्मश्री अवध किशोर शामिल होंगे। इसके साथ ही 8 अप्रैल को बुंदेलखंड की चर्चित लोक गायिका कविता शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। अभिलाष वर्मा भी साथ में रहेंगे। इसके साथ ही 9 अप्रैल को लाला हरदौल के ऊपर दीप शिखा मंच दतिया द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद सात लोगों की मौत

### जांच के लिए कल आएगी आयोग की टीम

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह।**

*यह खुलासा राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हुआ। मामले में आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव फरार है। मृतकों में रहीसा बेगम भी शामिल हैं, जिनके बेटे ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।*



दमोह शहर के निजी मिशन अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एनजोन केम के नाम से किसी फर्जी डॉक्टर के ऑपरेशन का आरोप लगा है। आरोप है कि दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुए। इन ऑपरेशनों के बाद सात लोगों की मौत हो गई। मौतों का ये मामला अब सामने आया है। बताया गया कि मामला दो महीने से जांच में था, लेकिन इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो द्वारा किए एक पोस्ट के बाद हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुए इन ऑपरेशनों में सात मरीजों की मौत हुई है। आरोप है कि जिन लोगों की मौत हुई उनकी जानकारी नहीं दी जा रही है। मामले में एक मृत महिला के बेटे नबी कुरैशी ने बताया उनकी मां का ऑपरेशन हुआ, लेकिन वह जिंदा नहीं लौटी। उनकी मौत हो गई। पीड़ित ने कई आरोप अस्पताल प्रबंधन पर लगाए। वहीं अस्पताल प्रबंधक पुष्पा खरे का कहना है मामले की जांच चल रही है। वह इसमें कुछ नहीं बोलेंगी। उनसे जो दस्तावेज मांगे गए हैं वह उपलब्ध करा रही हैं। अस्पताल के सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन और डीएचओ डॉ. विक्रम चौहान की जांच में दो मौतों की पुष्टि की सूचना है। जानकारी के अनुसार मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी डॉ. नरेंद्र यादव फरार हो गया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने घटना को गंभीरता से लिया है। आयोग की दो सदस्यीय टीम सोमवार को दमोह आएगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी ने मानवाधिकार आयोग से शिकायत की तब मामला खुला।

### मां को खोने के बाद आपबीती सुनाते रो पड़ा बेटा

दमोह के पुराना बाजार नंबर दो निवासी रहीसा बेगम (63) के बेटे नबी कुरैशी ने बताया 9 जनवरी को सीने में दर्द उठा। 10 जनवरी को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने निजी मिशन अस्पताल भेज दिया। आयुष्मान से इलाज होना था। मिशन अस्पताल में 50 हजार रुपये मांगे गए। बिना जांच रुपये मांगे तो मां को निजी अस्पताल में डॉ. डीएम संगतानी के यहां ले गए। उन्होंने फिर मिशन अस्पताल में भर्ती करा दिया। पांच हजार रुपये जमा किए। वहां कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जॉन कैम ने जांच कराई। रिपोर्ट में एक नस 92 तो दूसरी 85 प्रतिशत ब्लॉक मिली। डॉ. केम ने कहा कि सर्जरी होगी। 14 जनवरी को मां को भर्ती कराया। 15 जनवरी दोपहर 12 बजे मां की सर्जरी हुई और साढ़े 12 बजे मौत हो गई। हमसे डॉक्टर ने कहा कि सर्जरी के दौरान दूसरा हार्ट अटैक आया था। 15 दिन बाद जांच रिपोर्ट दी। पहले हमने सामान्य मौत माना, अब लग रहा है बड़ी गड़बड़ी हुई है।

### अभी तक जांच टीम नहीं आई

इस मामले में रोचक बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो मौत की पुष्टि की जा रही है। इसमें एक नबी कुरैशी की मां भी शामिल है। पीड़ित बेटे नबी ने बताया कि अभी तक उनके पास कोई भी जांच अधिकारी किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए नहीं पहुंचा है। मीडिया के माध्यम से उन्हें इस बात की जानकारी लगी है कि मिशन अस्पताल में इतना बड़ा कांड हुआ है। उनकी मां की मौत भी उसी डॉक्टर के द्वारा हुई है, जांच टीम को उनके पास आकर जानकारी लेनी थी, लेकिन आज भी कोई अधिकारी उनके पास नहीं पहुंचा।

# बाइक चोर गैंग का खुलासा, कार-बस से आकर रेकी करते थे चोर

### तीन बाइक समेत 10 लाख का माल बरामद

**पीपुल्स प्रवक्ता, सीहोर।**

सीहोर में भैरूंदा पुलिस ने बाइक चोर गैंग को पकड़ा है, जो कार और बस से आकर रेकी करते थे। इसके बाद बाइक चोरी को अंजाम देते थे। पुलिस ने तीन आरोपियों से चोरी की तीन बाइक बरामद की हैं। इस कार्रवाई में एक चार पहिया वाहन समेत कुल 10 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना 27 मार्च की है, जब भैरूंदा के गांधी चौक छोटा बाजार से घनश्याम शर्मा और नर्मदाप्रसाद अग्रवाल की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने दो टीमें बनाई। पुलिस ने तकनीकी सहायता और नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अज्ञात आरोपियों की पहचान की। 4 और 5 अप्रैल को मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को पुनः चोरी के इरादे से नगर भैरूंदा में घूमते हुए पकड़ा गया। दोनों मामलों में आरोपियों से चोरी की गई तीन बाइक जब्त की गई। जांच में पता चला कि आरोपी दिन में अपने निवास स्थान से कार और बस से आकर नगर में रेकी करते थे और रात में बाइक चोरी करते थे। आरोपियों के विरुद्ध अन्य थानों में भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। उनका पुराना रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

### इन्हें किया गिरफ्तार

तूफान सिंह राजपूत (24), पिता समंदर सिंह राजपूत, निवासी ग्राम गजापुर, थाना पिपलरावा, जिला देवास अभय सिंह ठाकुर (25), पिता कृपाल सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम धावला, थाना पिपलरावा, जिला देवास राजा उर्फ अरविंद हाड़ा (22), पिता सुमेर सिंह हाड़ा, निवासी ग्राम कुमारिया बनवी, थाना पिपलरावा, जिला देवास।